(ख) इनमें से कितने पत्रों की जांच की गयी है और कितने पत्रों के उत्तर दे दिये गये हैं तथा शेष कितने पत्र उत्तर के लिये लम्बित पड़े हैं; और

(ग) शेष पत्रों की जांच कर उनका उत्तर कब तक दे दिये जाने की संभावना है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अब्दुर अहमद) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (फेरा) के उल्लंघन के मामलों में कमी

961. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम (फेरा) का उल्लंघन करने के संबंध में पकड़े गये एवं गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की संख्या कम होती जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है; और

(घ) क्या यह भी सच है कि विभिन्न संसद सदस्यों द्वारा शिकायत किये जाने के बावजूद गिल एंड कम्पनी तथा उसकी सहयोगी कम्पनी के विरुद्ध फेरा के अधीन विनिर्दिष्ट कानूनी प्रक्रिया नहीं अपनायी गई है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) से (ग) जी हां, विभिन्न उदारीकरण योजनाओं अर्थात् सोने का आयात, ट्रेड लेखों पर पूर्ण परिवर्तनीयता, चांदी का आयात लागू करने के परिणामस्वरूप कमी आयी है।

(घ) गिल एण्ड कम्पनी तथा उसकी सहयोगी कम्पनी के विरुद्ध जांच-पड़ताल करने के दौरान कानून के तहत विधिक प्रक्रिया अपनाई गई है।

U. P. Government's Request for Central Assistance

962. SHRI SHANTI TYAGI: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether the Government of Uttar Pradesh has requested the Central Government to provide an assistance of Rs. 180 crore for completing the projects of irrigation, power and public works, etc.;

(b) if so, whether this assistance has been approved by the Central Government; and

(c) the details thereof and if not, what are the reasons thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MURTHY): (a) Government of Uttar Pradesh has requested the Central Government for providing assistance for Anpara 'B' Project amounting to Rs. 156 crores for 1992-93 and Rs. 138.50 crores for 1993-*94*.

(b) and (c) The request of the State Government is under consideration of the Government of India.

स्टेट बैंक आफ इन्दौर के अंतर्गत खाते

963. **श्री राम नरेश यादव** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि स्टेट बैंक आफ इन्दौर के संचालन मण्डल ने चालू वर्ष 1993 के तुलन-पत्र में करीब 6 करोड़ रुपये की संदिग्ध एवं अशोध खाते की रकम का किसी अन्य जगह प्रावधान करके लाभ और जमा राशि को बढ़ाकर लगभग